दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 17 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 141

खड़े कंटेनर में पीछे से आ रही कार टकराई एक ही परिवार के 6 लोगों की मौके पर मौत

❖ रुदौली के पटरंगा थाना क्षेत्र के हयात नगर के निवासी हैं सभी मृतक

रामसनेहीघाट, बाराबंकी (आरएनएस)। उत्तरप्रदेश के बाराबंकी के नेशनल हाईवे पर बुधवार की सुबह करीब तीन बजे नारायणपुर के पास सडक़ पर पहले से खड़े कंटेनर में पीछे से आ रही कार जा टकराई दुर्घटना में कार सवार पति पत्नी सहित दो बच्चे समेत एक ही परिवार के छ: लोगों की मौके पर मौत हो गई जानकारी के अनुसार अयोध्या जिले के रुदौली विधानसभा पटरंगा थाना क्षेत्र रसूलपुर मजरे हयातनगर के रहने वाले 35 वर्षीय अजय गुजरात के सूरत शहर में परिवार के साथ रहकर साड़ी बनाने का काम करते थे मंगलवार को अपनी 28 वर्षीय पत्नी सपना, 10 वर्षीय बेटे यस, 8 वर्षीय बेटे आयांश, 36 वर्षीय बड़े भाई आदर्श ,और गांव के ही 26 वर्षीय रामजन्म, के साथ कार से घर वापस जा रहे थे तभी नारायणपुर के समीप खड़े कंटेनर से कार टकरा गई और सभी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई

एनएच पर पहले से खड़े कंटेनर से टकराई कार- कार सवार अजय का परिवार खुशी से घर जा रहा था अजय के भाई आदर्श गाड़ी चला रहे थे करीब दो बजे इन लोगों की बात घर पर परिजनों से मोबाइल के जरिए हुई थी लेकिन सुबह में करीब तीन बजे उनकी कार नारायणपुर के पास सामने पहले से खड़े कंटेनर से टकरा गई टक्कर इतना भयंकर था कि कार का परखच्चे उड़ गए उसमें बैठे सभी लोग पति पत्नी सहित छह लोगों की मौत हो गई

कंटेनर के ड्राइवर ने ही दी पीआरबी को सूचना- इस दुर्घटना की जानकारी कोई और नहीं कंटेनर के ही ड्राइवर ने दी पीआरबी को सूचना कार के दुर्घटना होने की सूचना कंटेनर के ड्राइवर ने पीआरबी पुलिस को दी और मौके से फरार हो गया घटना की सूचना पीआरबी कर्मियों ने वहां पहुंचकर हालात देखने के बाद थाना प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी को सूचना दी कोतवाल मौके पर पहुंचकर इसके बाद पुलिस ने सभी शव को बाहर निकलवा कर सीएससी भिजवाया शव में मिले मोबाइल से घर के नंबर पर फोन कर परिजनों को सूचना दी मृतक के परिजनों शव देखकर पुष्टि की

एक ही परिवार से 6 लोगों के मौत से गांव में मचा कोहराम - सुबह करीब 5:00 बजे गांव में जानकारी होने से गांव के साथ क्षेत्र में कोहराम मच गया परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है वही इसकी सूचना रिश्तेदारों को लगने पर परिजन के साथ रिश्तेदार मौके पर ही पहुंचे व गांव में यह दुर्घटना से कोहराम मचा हुआ है

घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंचे रुदौली विधायक रामचंद्र यादव- घटना की सूचना मिलते ही रुदौली विधानसभा के विधायक रामचंद्र यादव रामसनेहीघाट पहुंचकर दुख संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से वार्ता किया विधायक रामचंद्र यादव गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के सिक्रेटरी को पूरे मामले की जानकारी एवं डीएम बाराबंकी आदर्श सिंह से भी फोन पर की वार्ता। श्री यादव ने कहा विधानसभा रुदौली की बहुत दुखद घटना है जो एक ही परिवार से छह लोगों की मौके मौत हो गई श्री यादव ने बताया की इस दी घटना से पूरे क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है और बहुत दुख की बात है जो एक ही परिवार से छ: लोगो की मौत का सूचना प्राप्त हुआ है। क्षेत्रीय विधायक दुख संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से वार्ता किया और एक बयान भी जारी किया है।

कश्मीर में आतंकी संगठन के 10 ओवरग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने दक्षिण और मध्य कश्मीर के इलाकों में छापेमारी के दौरान जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के 10 ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि ये छापेमारी रात में अलग-अलग जगहों पर की गई। ये छापे जेईएम के नेटवर्क पर केंद्रित थे। दस व्यक्ति ओजीडब्ल्यू मॉड्यूल का हिस्सा थे और जेईएम कमांडरों से निर्देश ले रहे थे। उन सभी को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों ने कहा, इस मॉड्यूल के सदस्यों को वर्टिकल के रूप में उप-मॉड्यूल में व्यवस्थित किया गया ताकि एक सदस्य का पता लगाने की स्थिति में बड़े नेटवर्क से समझौता न हो इसलिए इसे सावधानीपूर्वक निगरानी के माध्यम से खोजा गया है जिसमें पुष्टि करने वाली खुफिया जानकारी मिल सकती है। अदालत में स्वीकार्य साक्ष्य में परिवर्तित इन व्यक्तियों की ओजीडब्ल्यू सदस्यता का पता लगाने और पुष्टि करने के लिए इस्तेमाल किया है। एसआईए का गठन हाल ही में उग्रवाद और अलगाव से जुड़े मामलों की जांच के लिए किया गया था।

महत्वपूर्ण एवं खास

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में छाए बादल, हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान : मौसम विभाग

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में आसमान में बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग (एमईटी) ने अगले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार बादल छाए रहने की संभावना है और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान श्रीनगर में शून्य, पहलगाम में माइनस 4.4 और गुलमर्ग में माइनस 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र के द्रास में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से 16.5 नीचे, लेह में शून्य से 9.1 नीचे और कारगिल में शून्य से 13.8 नीचे दर्ज किया गया। जम्मू शहर में 9.2, कटरा में 8.2, बटोटे में 2.1, बनिहाल में शून्य से 0.4 और भद्रवाह में न्यूनतम 0.5 रिकॉर्ड किया गया है।

यूपी के गांव में दो लोगों को आग के हवाले किया गया, आरोपी गिरफ्तार

अमेठी (आरएनएस)। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के हरखौ गांव में दो युवकों को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हरखौ गांव के रहने वाले राम अवध और राम आधार दोनों पड़ोसियों के साथ विवाद सुलझाने की कोशिश कर रहे थे, तभी बीती शाम जीत बहादुर ने उन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। दोनों पीड़ित गंभीर रूप से जल गए, जिसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से राम अवध को उन्नत उपचार के लिए एक अन्य चिकित्सा सुविधा के लिए रेफर कर दिया गया। राम अवध की पत्नी राम काली की शिकायत पर पुलिस ने जीत बहादुर के खिलाफ हत्या के प्रयास के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि जीत बहादुर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

वाहन ट्रैकिंग सिस्टम डिवाइस के लिए मसौदा अधिसूचना जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की जानकारी में यह लाया गया है कि ऐसे वाहन जो राष्ट्रीय परमिट के दायरे में नहीं हैं और विभिन्न गैसों जैसे आर्गन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन आदि और खतरनाक या जोखिम प्रकृति के सामान की ढुलाई कर रहे हैं उनमें वाहन ट्रैकिंग सिस्टम उपकरण नहीं लगे हैं। तदनुसार, सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मसौदा अधिसूचना 15 फरवरी, 2022 द्वारा यह प्रस्ताव किया है कि खतरनाक या जोखिम प्रकृति के सामान की ढुलाई करने वाले प्रत्येक मालवाहक वाहन को ऑटोमोटिव उद्योग मानक (एआईएस) 140 के अनुसार वाहन ट्रैकिंग सिस्टम उपकरण से लैस किया जाएगा।हितधारकों से तीस दिनों के अन्दर टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

ट्रैक्टर पलटने से दो युवकों की मौत

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तरप्रदेश के प्रयागराज के लालापुर थाना क्षेत्र के सोनौरी गांव में बुधवार को ट्रैक्टर पलटने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। लालापुर के सोनौरी गांव निवासी भोला आदिवासी (18) दो भाइयों में छोटा था। उसके दो बहन एवं बेला देवी घर पर रहती है। पड़ोसी रोहित (19) पुत्र शिवजीत दो भाई और एक बहन में छोटा था। उसकी मां चमेली देवी एवं परिवार के लोग मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं। बुधवार सुबह एक ट्रैक्टर में सवार होकर भोला व रोहित कहीं जा रहे थे। ट्रैक्टर गांव में ही अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और हादसे में रोहित और भोला की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शवों पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की।

दुनिया भर में गत 28 दिन में आठ करोड़ से अधिक कोरोना के मामले हुए दर्ज

वाशिंगटन । विश्व में पिछले 28 दिन में कोरोना के आठ करोड़ से अधिक मामले सामने आए हैं, जिससे संक्रमितों की कुल संख्या 41 करोड़ से अधिक हो गई है। इस बीच दस अरब से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के कोरोना वायरस रिसोर्स सेंटर की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक दुनिया भर में कोरोना के मामलों की कुल संख्या 415,508,498 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 5,837,873 पहुंच गया है। वहीं 10,25, 71,09,696 लोगों ने वैक्सीन ले ली है।

उपहार अग्निकांड: अंसल बंधुओं को राहत नहीं, सजा निलंबित करने की मांग वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली (आरएनएस)। उपहार अग्निकांड मामले के दस्तावेजों से छेड़छाड़ के मामले में दोषी व रियल एस्टेट कारोबारी अंसल बंधुओं को दिल्ली हाई कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया। हाई कोर्ट ने दोषी सुशील अंसल और गोपाल अंसल की सजा निलंबित करके जमानत पर जेल से रिहा करने की मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने पिछले माह सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

इससे पहले दोषियों ने हाई कोर्ट से सजा निलंबित करने और जमानत पर रिहा करने की मांग की थी। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस और उपहार अग्निकांड पीड़ित एसोसिएशन ने दोषियों की याचिका का विरोध करते हुए सजा निलंबित नहीं करने की मांग की थी।

जस्टिस एस. प्रदास ने अंसल बंधुओं की याचिका खारिज करते हुए कहा है कि फिलहाल सजा को निलंबित नहीं किया जा सकता।

जेल में सजा काट रहे अंसल बंधुओं सुशील अंसल और गोपाल एवं अन्य को निचली अदालत ने दोषी ठहराते हुए 7 साल कैद की सजा सुनाई है। सत्र न्यायालय ने दोषियों की सजा निलंबित करने और जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया था। इसके खिलाफ दोषियों ने हाई कोर्ट में अपील दाखिल की है।

कर्नाटक में हिजाब पर हंगामा : शिवमोग्गा कॉलेज से बाहर निकली 30 छात्राएं, सीएम ने की शांति की अपील

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक के शिवमोग्गा स्थित एक कॉलेज में 30 छात्राओं को हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार हिजाब हटाने के लिए कहा गया। उन्होंने कॉलेज का यह आदेश मानने से इनकार कर दिया और अपनी कक्षाओं से बाहर चले गए। कथित तौर पर उन्हें पहले कक्षा में हिजाब पहनने की अनुमति दी गई थी।

कोर्ट के आदेश का सम्मान करें, सीएम बसवराज बोम्मई की अपील- वहीं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने छात्रों से हाईकोर्ट की कॉलेज आज फिर से खुल रहे हैं। मेरा अनुरोध है कि अदालत के आदेश का सम्मान किया जाए। हम अंतिम आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कॉलेज के अंदर, प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों को मतभेदों को सुलझाना चाहिए। सभी मुद्दों का समाधान किया जाएगा। बच्चों के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। एक अच्छा वातावरण बनाया जाना चाहिए।

हिजाब पहनकर क्लास में बैठने की अनुमति को लेकर कॉलेज में हंगामा- दूसरी तरफ कर्नाटक के विजयपुरा जिले के एक कॉलेज के छात्रों और अधिकारियों के बीच सुबह आमना-सामना हुआ। अधिकारियों ने एक खाली कमरे की पेशकश की जहां छात्राएं अपना हिजाब हटा सकती थीं और कक्षाओं में प्रवेश कर सकती थी। हालांकि, छात्राओं ने हिजाब के साथ कक्षा में बैठने पर जोर दिया।

हिजाब उतारने को कहा तो छात्राओं ने किया परीक्षा का बहष्किार- इससे पहले शिवमोग्गा के ही राजकीय उच्च विद्यालय की 13 छात्राओं ने मंगलवार को अध्यापिका द्वारा हिजाब उतारने की मांग के बाद एसएसएलसी प्रारंभिक परीक्षा में बैठने से मना कर दिया। अध्यापिका ने छात्राओं से कहा था कि वे अपना हिजाब उतार दें लेकिन छात्राओं ने हिजाब पहन कर परीक्षा में बैठने की मांग की। आलिया महत नामक एक छात्रा ने कहा, मेरे लिए परीक्षा नहीं, धर्म महत्वपूर्ण है। यदि हिजाब को अनुमति नहीं दी जाती है तो मैं स्कूल नहीं आऊंगी। मेरे माता-पिता ने मुझसे कहा है कि यदि हिजाब उतारने के लिए कहा जाए तो मैं वापिस घर आ जाऊं।

डिस्को किंग' बप्पी लाहिड़ी नहीं रहे, मुंबई के अस्पताल में ली आखिरी सांस

मुंबई (आरएनएस)। भारत में 80 और 90 के दशक में सिनेमा में डिस्को संगीत को लोकप्रिय बनाने वाले गायक-संगीतकार बप्पी लाहिड़ी का स्वास्थ्य संबंधी कई दिक्कतों के कारण निधन हो गया। उनका इलाज कर रहे एक डॉक्टर ने बुधवार को यह जानकारी दी। लाहिड़ी ने जुहू के क्रिटिकेयर हॉस्पिटल में बीती रात को अंतिम सांस ली। वह 69 वर्ष के थे। अस्पताल के निदेशक डॉ. दीपक नमजोशी ने बुधवार को बताया, 'लाहिड़ी करीब एक महीने से अस्पताल में भर्ती थे और उन्हें सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दी गयी थी, लेकिन उनकी सेहत मंगलवार को बिगड़ गई और उनके परिवार ने एक डॉक्टर को घर बुलाया। उन्हें अस्पताल लाया गया। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई दिक्कतें थी। उनकी देर रात ओएसए (ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया) के कारण मौत हो गई।

गायक ने पिछले साल सितंबर में उन खबरों को खारिज कर दिया था कि उन्होंने अपनी आवाज खो दी है। उन्होंने ऐसी अफवाहों को दिल तोडऩे वाली बताया था। सोने की मोटी जंजीरें और चश्मा पहनने के लिए पहचाने जाने वाले गायक-संगीतकार ने 70-80 के दशक में कई फिल्मों के लिए संगीत रचना की जिन्हें खासी लोकप्रियता मिली। इन फिल्मों में ''चलते-चलते, ''डिस्को डांसर और ''शराबी शामिल हैं। लाहिड़ी के परिवार में उनकी पत्नी चित्राणी, पुत्री रीमा और पुत्र बप्पा लाहिड़ी हैं। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को किया जाएगा क्योंकि परिवार उनके बेटे एवं संगीतकार बप्पा लाहिड़ी के अमेरिका के लॉस एंजिलिस से लौटने का इंतजार कर रहा है। लाहिड़ी के दामाद गोविंद बंसल ने कहा, 'अंतिम संस्कार जुहू के पवन हंस शवदाहगृह में किया जाएगा।

लाहिड़ी के परिवार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है ''यह हमारे लिए अत्यंत दुखद समय है। हमारे प्रिय बप्पी दा बीती रात हमें छोड़ गए। हम उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहेगा। लाहिड़ी ने आखिरी बार सितंबर 2021 में ''गणपति बप्पा मोरिया में काम किया था। उन्होंने अमेरिका स्थित भारतीय गायक अनुराधा जुजु पलाकुर्ती की आवाज वाले भक्ति गीतों के लिए भी संगीत दिया।

लाहिड़ी को 1970 से लेकर 1990 के दौरान भारतीय सिनेमा में ''आय एम ए डिस्को डांसर, ''जिम्मी जिम्मी, ''पग घुंघरू, ''इंतेहा हो गयी, ''तम्मा तम्मा लोगे, 'यार बिना चैन कहां रे', 'आज रपट जाए तो' तथा 'चलते चलते' जैसे गीतों से डिस्को संगीत का दौर शुरू करने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने 2000 के दशक में ''टैक्सी नंबर 9211 (2006) का ''बम्बई नगरिया और ''द डर्टी पिक्चर (2011) के ''उह ला ला जैसे हिट गीतों को भी अपनी आवाज दी। वह उन गायकों में से एक हैं जिन्होंने 2014 में आयी फिल्म 'गुंडे का 'तूने मारी एंट्रियां' गीत भी गाया था। उन्होंने बंगाली, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और गुजराती फिल्मों में भी संगीत दिया।

लाहिड़ी 2014 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए। उन्होंने श्रीरामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा लेकिन तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी से हार गए। उनका आखिरी बॉलीवुड गीत 2020 में आयी फिल्म 'बागी 3' का 'भंकास' था।

लुधियाना पहुंचा दीप सिद्धू का पार्थिव शरीर, अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

नई दिल्ली (आरएनएस)। पिछले साल गणतंत्र दिवस के दिन दिल्ली के लाल किला के पास हुई हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोपी अभिनेता-कार्यकर्ता दीप सिद्धू की मंगलवार को हरियाणा के सोनीपत जिले में खरखौदा के पास कुंडली-मानेसर-पलवल राजमार्ग पर एक सडक़ हादसे में निधन हो गया। दीप सिद्धू का पार्थिव शरीर बुधवार दोपहर पंजाब के उनके गृहनगर लुधियाना पहुंचा। श्रद्धांजलि देने के लिए उनके आवास के बाहर सैकड़ों की संख्या में प्रशंसक और समर्थक जमा हो गए।दीप सिद्धू की अंतिम झलक पाने के लिए लोग धक्कामुक्की भी करते हुए देखा गया। लोग अभिनेता-कार्यकर्ता की तख्तियां लिए हुए और दीप सिद्धू अमर रहें के नारे लगाते देखे गए।

वहीं, घटना के बारे में खरखौदा पुलिस थाने के निरीक्षक जसपाल सिंह ने बताया कि सिद्धू की एसयूवी ट्रक से टकरा गई। अधिकारी ने बताया, उनकी हादसे में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सिद्धू के साथ वाहन में मौजूद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वह खतरे से बाहर है। सोनीपत जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी एवं विभिन्न नेताओं ने इस घटना पर गहरा शोक जताया है। गौरतलब है कि केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में किसानों की आयोजित ट्रैक्टर परेड के दौरान लाल किला हुई हिंसा थी और इस मामले में सिद्धू को नौ फरवरी 2021 को गिरफ्तार किया गया था।

2025 तक दिल्ली पुलिस में होगा 25प्रतिशत महिला स्टाफ : राकेश अस्थाना

नई दिल्ली (आरएनएस)। आने वाले सालों में दिल्ली पुलिस में एक चौथाई तक महिला पुलिस कर्मी होंगी। दिल्ली पुलिस के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने बुधवार को कहा कि उनका विभाग 2025 तक पुलिस बल में महिलाओं की संख्या को फोर्स की कुल संख्या का एक चौथाई करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने कई सामुदायिक पहल भी की हैं, खासकर युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण के कई कदम उठाए गए हैं।

अस्थाना ने कहा कि महिलाओं और कमजोर वर्गों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। गृह मंत्रालय के सहयोग से हमारा लक्ष्य 2025 तक पुलिस बल में एक चौथाई महिला पुलिस कर्मियों की भागीदारी को बढ़ाना है।दिल्ली पुलिस हमेशा इस अवसर पर आगे बढ़ी है और हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान कुल 79 पुलिस कर्मियों ने अपनी जान गंवाई। दिल्ली पुलिस डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ अग्रिम पंक्ति में रही और ड्यूटी से परे भी नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान की।

अस्थाना ने कहा कि दिल्ली पुलिस राजधानी के निवासियों को 30 डिजिटल सेवाएं प्रदान कर रही है, जिसमें ई-बीट बुक और शिकायत निगरानी प्रणाली शामिल है।

दिल्ली पुलिस प्रमुख ने कहा कि विभाग अपने कर्मियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उसने चालू वर्ष में 5,000 से अधिक पदोन्नति दी हैं, जिनमें से 48 आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन थे। इसके अलावा, 45 पुलिस कर्मियों को असाधारण कार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 164 मृतक पुलिस कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी गई।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों में शहीद हुए स्वर्गीय हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल की याद में एक विशेष पदक समर्पित किया गया है। कर्मियों की ड्यूटी के घंटे भी तय किए जा रहे हैं।

अस्थाना ने कहा कि समाज की मुख्यधारा से भटक चुके युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं। ऐसे 50,000 से अधिक युवाओं को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित किया गया है। उन्हें नौकरी के अवसर प्रदान किए गए हैं और व्यवसाय स्थापित करने में सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि बल में किए गए संरचनात्मक परिवर्तनों ने पुलिस नियंत्रण कक्ष कॉल में स्थानीय पुलिस के साथ विलय के बाद प्रतिक्रिया समय को आठ मिनट से घटाकर चार मिनट कर दिया है।

दिल्ली पुलिस ने किया 11 महिला सुविधा बूथ का उद्घाटन

गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने राजधानी के उत्तर-पश्चिम जिले में 11 महिला सुविधा बूथों की शुरुआत की, ताकि सार्वजनिक, निजी स्थानों और डिजिटल मंच पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि यह उत्तर-पश्चिम दिल्ली जिजा पुलिस द्वारा शुरू तेजस्विनी पहल का अहम हिस्सा है और महिलाओं और लड़कियों के लिए उनके खिलाफ किसी अपराध या हिंसा की पुलिस से शिकायत के लिए वन स्टॉप सेंटर के तौर पर काम करेगा।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने इन बूथों का उद्घाटन किया और कहा कि ये महिलाओं और बच्चों की सेवा के लिए समर्पित होंगे।

पुलिस के मुताबिक, ये बूथ अशोक विहार के प्रगति मार्केट, भारत नगर के सत्यवती कॉलेज, केशव पुरम में शंकर चौक, सुभाष प्लेस में एनएसपी कॉम्प्लेक्स, मौर्य एन्क्लेव में सिटी पार्क होटल, शालीमार बाग में डीटी मॉल, महेंद्र पार्क के ए ब्लॉक में, जहांगीरपुरी में बीसी ब्लॉक, आदर्श नगर में पंचवटी, मॉडल टाउन में प्रिंस रोड और मुखर्जी नगर के बत्रा परिसर में स्थापित किए गए हैं।